आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 11.2.2025
समय 07.20

**पहले मुख्य समाचार :–**

- परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के आठवें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के पोषण, मानसिक और समग्र विकास के महत्व पर बल दिया।
- केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने नई दिल्ली में देश के पहले स्वदेशी स्वचालित जैव अपशिष्ट कचरा निस्तारण उपकरण– सृजनम का शुभारंभ किया।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत चंपावत जिले के शारदा नदी में राफ्टिंग–डेमो प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा– टनकपुर को एक बड़े राफ्टिंग हब के रूप में विकसित किया जाएगा।
- **और,** राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का शानदार प्रदर्शन जारी, पदक तालिका में 17 स्वर्ण सहित कुल 77 पदकों के साथ 7वें स्थान पर बना हुआ है।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में बच्चों से मौसमी फल खाने तथा जंक फूड और तैलीय भोजन से बचने का आग्रह किया। श्री मोदी ने कार्यक्रम के 8वें संस्करण में छात्रों से पोषण और स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से बातचीत की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में मोटे अनाज को सुपरफूड के रूप में जाना जाता है।

श्री मोदी ने मानव शरीर के लिए सूर्य के प्रकाश के महत्व पर भी बल दिया। उन्होंने बच्चों को सुबह कुछ मिनट के लिए सूरज की रोशनी में रहने की आदत डालने के लिए प्रोत्साहित किया। पढ़ाई के साथ शौक को संतुलित करने के बारे में प्रधानमंत्री ने कहा कि छात्र रोबोट नहीं हैं। उन्होंने समग्र विकास के महत्व पर जोर दिया।

''परीक्षा पे चर्चा'' के 8वें संस्करण का उत्तराखंड के विभिन्न स्कूलों में भी सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 6 से 11 तक के छात्रों के साथ–साथ उनके अभिभावक और शिक्षक भी शामिल हुए। कार्यक्रम को देखने और सुनने वाले बागेश्वर की छात्रा गीतांजलि ने कहा कि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ये कार्यक्रम प्रेरणादायक लगा।

एक अन्य छात्र मोहित ने कहा कि परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम छात्रों के लिए आगे भी जारी रहना चाहिए।

**कचरा निस्तारण उपकरण**

केन्द्रीय मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कल नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में देश के पहले स्वदेशी स्वचालित जैव अपशिष्ट कचरा निस्तारण उपकरण– सृजनम का शुभारंभ किया। तिरुवनंतपुरम में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय अंतर अनुशासनात्मक विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान की ओर से विकसित यह देश में अपनी तरह का पहला उपकरण है।

इस अवसर पर डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कचरे से कंचन की ओर बढ़ने के लिए आदर्श बदलाव का आह्वान किया और स्थिरता तथा पर्यावरण संबंधी चिंताओं के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत में आए आर्थिक परिवर्तन का भी उल्लेख किया और कहा कि देश अब पांच दुर्बल देशों में से निकलकर प्रथम पांच समूह का सदस्य बन गया है और निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने नए जैव अपशिष्ट कचरा निस्तारण उपकरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला, जो स्वास्थ्य सुविधाओं में अपशिष्ट प्रबंधन में क्रांति लाने के लिए तैयार है।

**वन दरोगा भर्ती**

उत्तराखंड में वन दरोगा के 124 पदों पर भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इसके लिए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने भर्ती के विज्ञापन में वन दरोगा के पदों को भी जोड़ दिया है। इसके साथ ही अब विभिन्न विभागों में रिक्त पदों की कुल संख्या 241 से बढ़कर 365 हो गई है। आयोग के सचिव एसएस रावत ने बताया कि 31 जनवरी को सहायक कृषि अधिकारी समेत विभिन्न पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया गया था। इसमें वन दरोगा का नाम शामिल किया गया था, लेकिन पदों का निर्धारण न होने से शून्य

दिखाए गए थे। अब सभी पदों की संख्या स्पष्ट होने के बाद भर्ती में अब वन दरोगा के 124 पद शामिल होंगे। श्री रावत ने बताया कि भर्ती के लिए छह फरवरी से आवेदन शुरू हो चुके हैं, जो 28 फरवरी तक चलेंगे।

**राष्ट्रीय खेल**

38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत चंपावत जिले के शारदा नदी में राफ्टिंग–डेमो प्रतियोगिता का आयोजन सम्पन्न हुआ। अंतिम दिन सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। पहली बार रात्रि में राफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से अब यह भूमि खेल भूमि के रूप में भी स्थापित हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे राज्य के खिलाड़ियों ने एक के बाद एक मेडल प्राप्त कर बेहतर स्थान बना लिया है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में राफ्टिंग के क्षेत्र में ऋषिकेश के साथ ही टनकपुर शारदा क्षेत्र भी अब विकसित हो गया है। क्षेत्र में लगातार राफ्टिंग हो रही है, जिससे पर्यटन विकास बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि टनकपुर को एक बड़े राफ्टिंग हब के रूप में विकसित किया जाएगा। श्री धामी ने कहा कि राफ्टिंग प्रतियोगिता के आयोजन से चंपावत को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी।

**भाानदार प्रद□ान**

राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का शानदार प्रदर्शन जारी है और पदकों की संख्या बढ़कर 77 हो गई है, जिसमें 17 स्वर्ण, 27 रजत और 33 कांस्य पदक शामिल हैं। 3 हजार मीटर रेस में अंकिता ध्यानी और जूडो में सिद्धार्थ रावत ने स्वर्ण पदक जीता है, जबकि चार गुणा 400 मीटर रिले रेस में प्रखर, साहिल मलिक, अनु कुमार और प्रवीण ने रजत पदक जीता। मॉडर्न पेंटाथलॉन टीम स्पर्धा में भागीरथी रावत, आरना चौहान और श्रद्धा जोशी ने रजत पदक जीता। वहीं, जूडो पुरुष 73 किलोग्राम वर्ग में प्रदीप रावत ने रजत पदक हासिल किया। जबकि जूडो पुरुष वर्ग 66 किलोग्राम वर्ग में आयुष मावड़ी, लॉन टेनिस महिला डबल वर्ग में दिया चौधरी व जया कपूर, मॉडर्न पेंटाथलॉन महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में भागीरथी रावत, इसी प्रतियोगिता की पुरुष टीम स्पर्धा में कनिष्क जोशी, अंश बिष्ट व सूर्या पटेल और साइकिलिंग में सुनीता श्रेष्ठा ने कांस्य पदक जीता।

**उद्यमिता विकास**

बागेश्वर जिले के सुमित्रानंदन पंत राजकीय महाविद्यालय गरुड़ में बारह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। अहमदाबाद की संस्था की ओर से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को उद्यमिता विकास कार्यक्रम में पंजीकरण की प्रक्रिया और मॉडल को समझाया गया। प्राचार्य डॉ. शिवप्रकाश राय ने उत्तराखंड में नारी शक्ति और स्थानीय उत्पादन के ब्रांडिंग के विभिन्न पहलुओं पर जोर दिया तथा युवाओं को स्वरोजगार अपनाकर स्वावलंबी बनने की अपील की।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ी लगातार शानदार प्रदर्शन करते नजर आ रहे है... हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड को दो स्वर्ण समेत 9 पदल मिले। सब हेडलाइन में लिखता है– उत्तराखंड ने राष्ट्रीय खेलों की पदक तालिका में बनाया 7वां स्थान, अभी तक खिलाड़ी जीत चुके हैं कुल 7 पदक।

उत्तराखंड भाजपा संगठन ने मंडल अध्यक्ष के लिए निर्धारित की आयु सीमा– हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– भाजपा के मंडल अध्यक्ष 45 की उम्र तक ही बनेंगे.. खबर के मुताबिक– 25 फरवरी तक मंडल अध्यक्ष और 28 फरवरी तक होंगे जिलाध्यक्षों के चुनाव।

अब उत्तराखंड में रजिस्ट्री होगी पेपरलेस, वर्चुअल रजिस्ट्री की भी मिलेगी सुविधा– अमर उजाला का शीर्षक.. खबर में वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के हवाले से लिखा है कि कैबिनेट में आएगा प्रस्ताव, फर्जीवाड़े पर लगेगी रोक...

कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन पर बनेंगी दो और सुरंगे– अमर उजाला का शीर्षक, खबर में लिखा है– सामरिक महत्व को देखते हुए कर्णप्रयाग रेलवे स्टेशन के विस्तार का लिया गया निर्णय...

और देहरादून के गुनियाल गांव में निर्माणाधीन सैन्य धाम का निर्माण कार्य तेजी से जारी है... दैनिक जागरण लिखता है– अंतिम चरण में सैन्य धाम का निर्माण, जल्द होगा जनता को समर्पित।